महत्वपूर्ण एवं खास

टीकाकरण में अनुपस्थित 154 कर्मचारियों का कटा कए दिन का वेतन

कोंडागांव (आरएनएस)। जिले में टीकाकरण अभियान के दौरान अनुपस्थित या कार्य में लापरवाही करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षक, मितानिन, वनरक्षक, रोजगार सुपरवाईजर, सहायक, सचिव, पटवारी, सीएसी, आरएईओ, एआरईओ के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए 27 अक्टूबर को 49, 28 अक्टूबर को 45 एवं 29 अक्टूबर को 60 अधिकारी कमर्चारियों को टीकाकरण में अनुपस्थित पाये जाने पर कार्यवाही करते एक दिन का का वेतन काटा गया। कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने कहा कि जिले के समस्त मैदानी अधिकारी कर्मचारियों को टीकाकरण में सहयोग करते टीकाकरण केन्द्र तक लाने एवं लोगों में जागरूकता प्रसार की जिम्मेदारी दी गई है।

घर से हुई बाइक की चोरी

महासमुंद (आरएनएस)। कोमाखान थाना क्षेत्र में अज्ञात ने घर में घुसकर बाइक चोरी कर ली। सुबह प्रार्थी जब सो कर उठा तो आंगन में खड़ी बाइक गायब थी। आसपास तलाश के बाद घटना की जानकारी पुलिस को दी। ग्राम नर्रा निवासी प्रार्थी सोमदत्त दिवाकर पिता प्रवेन्द्र ने पुलिस को बताया कि उनकी बाइक क्रमांक सीजी 06 जीयू 8295 घर के आंगन में खड़ी थी जिसे किसी अज्ञात ने चोरी कर ली। पुलिस ने मामले में अज्ञात के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है।

फर्जी कागजात से एसईसीएल में 35 साल की नौकरी, दोषी को 3 साल सजा

कोरबा (आरएनएस)। फर्जी कागजात बनाकर मूल भू-विस्थापित की जगह 35 साल तक एसईसीएल में नौकरी करने के मामले में दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने दोषी को 3 साल की सजा सुनाई है। मामला कटघोरा के जेएमएफसी कोर्ट में चल रहा था। कटघोरा कोर्ट के अभियोजन अधिकारी नंदकुमार पटेल ने बताया गेवरा बस्ती कुसमुंडा निवासी परदेशी राम सारथी 54 के खिलाफ कागजात में कूटरचना कर फर्जीवाड़ा करते हुए एसईसीएल में नौकरी करने का मामला दर्ज था। परदेशी ने 1981 में भू-विस्थापित राधेश्याम काले की जगह सुराकछार-बलगी उपक्षेत्र में नौकरी हासिल की थी। परदेशी ने कागजात में खुद को राधेश्याम बताया था। 35 साल तक परदेशी ने एसईसीएल में नौकरी की, जबकि दूसरी ओर मूल भू-विस्थापित राधेश्याम भटकता रहा। मामला कटघोरा जेएमएफसी कोर्ट में चला। अभियोजन अधिकारी नंदकुमार पटेल के मुताबिक शासन की ओर से उन्होंने पैरवी करते हुए कागजात के साक्ष्य पेश किए। मामले की सुनवाई के दौरान परदेशी के खिलाफ दोष सिद्ध हो गया। इसपर कोर्ट की मजिस्ट्रेट नेहा उसेंडी ने दोषी परदेशी राम को सजा सुनाई, इसमें 3 वर्ष, धारा 419 में 2 वर्ष, धारा 468 में 3 वर्ष और धारा 471 में 3 वर्ष की सजा दी गई।

हाथियों से फसलों को नुकसान, वन विभाग कर रहा आंकलन

कोरबा (आरएनएस)। 25 हाथियों का दो दल जिले के कटघोरा वन मंडल के पसान वन परिक्षेत्र में विचरण कर रहे हैं। इनमें से 11 हाथी जलके सर्किल के पनगंवा गांव में है, जबकि लैंगा सर्किल के बैरा गांव में मौजूद है। उधर वन विभाग ने नुकसान का आंकलन शुरू कर दिया है। केंदई रेंज के कोरबी सर्किल से अचानक पहुंचे 11 हाथियों के दल ने बीती रात पनगंवा में उत्पात मचाते हुए दो किसानों की धान फसल रौंद दी। जबकि 14 हाथियों ने भी लैंगा सर्किल में उत्पात मचाया है। इस दल ने बैरा में सात किसानों की फसल को तहस-नहस किया है। हाथियों द्वारा उत्पात मचाये जाने तथा फसल रौंदे जाने की सूचना पर वनविभाग का अमला आज सुबह मौके पर पहुंचा और हाथियों द्वारा रात में किये गए नुकसानी का आंकलन करने के साथ ही रिपोर्ट तैयार की जिसे मुआवजा के लिए वन मंडल कटघोरा भेजा जाएगा। हाथियों द्वारा लगातार फसलों को नुकसान पहुंचाए जाने से ग्रामीण काफी आक्रोशित है।

युवक पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला, पेट में लगे 36 टांके, हालात नाजुक

कोरबा/रायपुर (आरएनएस)। जिले के उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम दादर कला में बीती रात डांस कार्यक्रम में चाकूबाजी का मामला सामने आया है। दरअसल करीब 12 बजे डांस प्रतियोगिता देखने पहुंचे उरगा के दुर्गेश कंवर नामक युवक पर अज्ञात शख्स ने चाकू से हमला कर दिया।हमले में दुर्गेश के पेट की अंतड़ियां बाहर निकल गई। बुरी तरह घायल युवक को स्थानीय लोगों की मदद से जिला अस्पताल लाया गया, जहां उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल के तीन सिविल सर्जनों ने उसकी सर्जरी की। सर्जरी के दौरान युवक के पेट में 36 टांके लगाए गए हैं। फिलहाल युवक की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया है।

राज्योत्सव के अवसर पर राज्य के किसानों को 1500 करोड़ रूपए की सौगात

» मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जारी करेंगे राजीव गांधी किसान न्याय योजना की तीसरी किश्त की राशि

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एक नवम्बर को राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर राज्य के किसान भाईयों के खाते में 1500 करोड़ रूपए की राशि जारी करेंगे। यह राशि राजीव गांधी किसान न्याय योजना की तीसरी किश्त के रूप में दी जाएगी। दीवाली पर्व के ठीक पहले राज्य के 21 लाख किसानों को 1500 करोड़ रूपए मिलने से उनकी दीवाली की खुशियां दोगुनी हो जाएंगी। एक नवम्बर को कृषकों को राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत तीसरी किश्त की राशि जारी करने की सभी तैयारियां पूरी हो गई है। इसको मिलाकर राज्य के कृषकों को कुल 4548 करोड़ रूपए की राशि मिल जाएगी। यहां यह उल्लेखनीय है कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत राज्य में फसल उत्पादकता एवं फसल विविधिकरण को बढ़ावा देने के लिए आदान सहायता राशि दिए जाने का प्रावधान खरीफ वर्ष 2019 से लागू किया गया है। वर्ष 2019 में धान एवं गन्ना के उत्पाद 19 लाख किसानों को 5702 करोड़ 13 लाख रूपए की राशि जारी की गई थी। वर्ष 2020 में धान एवं गन्ना के उत्पादक कृषकों को योजना के तहत चार किश्तों में आदान सहायता राशि प्रदान की जा रही है। धान एवं गन्ना उत्पादक कृषकों को प्रथम किश्त की राशि 1525 करोड़ 97 लाख रूपए का भुगतान 21 मई 2021 को तथा द्वितीय किश्त की राशि 1522 करोड़ 03 लाख रूपए का भुगतान 20 अगस्त 2021 को किया जा चुका है। तीसरी किश्त के रूप में धान उत्पादक कृषकों को 1500 करोड़ रूपए का भुगतान एक नवम्बर 2021 को किया जाएगा। राजीव गांधी किसान न्याय योजना के जरिए राज्य के किसानों को दी जा रही आदान सहायता के चलते खेती किसानी समृद्ध हुई है। राज्य में खेती-किसानी का रकबा और किसानों की संख्या में वृद्धि हुई है। खेती छोड़ चुके लोगों का भी रूझान खेती की ओर बढ़ा है। इसकों देखते हुए राज्य सरकार द्वारा राजीव गांधी किसान न्याय योजना के दायरे का विस्तार किया गया है। अब इस योजना में खरीफकी समस्त फसलों के साथ-साथ उद्यानिकी फसलों को भी शामिल किया गया हैं। खरीफ फसलों और उद्यानिकी फसलों के उत्पादक कृषकों को भी अब आदान सहायता राशि प्रदान की जाएगी।

राज्यपाल उइके आज राज्य अलंकरण एवं राज्योत्सव समापन समारोह की मुख्य अतिथि होंगी

छत्तीसगढ़ की राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर 1 नवंबर को शाम 6 बजे राजधानी रायपुर के साईस कॉलेज मैदान में आयोजित राज्य अलंकरण एवं राज्योत्सव समापन समारोह की मुख्य अतिथि होंगी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल समारोह की अध्यक्षता करेंगे। समारोह में गृह एवं पर्यटन मंत्री ताम्रध्वज साहू, स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव, कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे, छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक, आदिवासी विकास मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, वन मंत्री मोहम्मद अकबर, उद्योग मंत्री कवासी लखमा, नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री जयसिंह अग्रवाल, लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकी मंत्री गुरू रूद्रकुमार, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री उमेश पटेल, संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत, लोकसभा सांसद सुनील सोनी, संसदीय सचिव चिंतामणि महाराज, विकास उपाध्याय, कुंवरसिंह निषाद, द्वारिकाधीश यादव, विधायक सत्यनारायण शर्मा, धनेंद्र साहू, बृजमोहन अग्रवाल, कुलदीप जुनेजा विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम में समस्त सांसद, विधायक, संसदीय सचिव, निगम, मंडल, आयोग, जिला पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा नगर निगमों के महापौरों की गरिमामय उपस्थिति रहेगी।

एक लाख के इनामी सहित कुल 14 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

दंतेवाड़ा (आरएनएस)। जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान लोन वर्राटू के तहत 01 लाख रुपए के इनामी सहित कुल 14 नक्सलियों ने दंतेवाड़ा एसपी अभिषेक पल्लव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेंद्र जायसवाल एवं उप पुलिस अधीक्षक कुमारी अंजु के समक्ष के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। आत्मसमर्पित नक्सली पुलिस पार्टी पर हमला करने, हथियार लूटने, सड़क खोदकर मार्ग अवरुद्ध करने, मुखबिरी के शक में मारपीट करने, आईईडी लगाने, स्कूल में तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त करने, पुलिया क्षतिग्रस्त करने, वाहनों में आगजनी करने, बूबी ट्रेप्स लगाने, नक्सली बेनर, पोस्टर एवं पाम्पलेट लगाने समेत अन्य घटनाओं में शामिल थे।

आत्मसमर्पित नक्सलियों में 01 लाख रुपए के इनामी डूमाम एलओएस सदस्य सन्ना मरकाम पिता मुण्डा मरकाम, ग्राम टेटम मिलिशिया सदस्य टोण्डा मड़काम पिता हड़मा मड़काम, ग्रामटेटम मिलिशिया सदस्य जोगा उर्फ कोत्तेर कोवासी पिता हड़मा कोवासी, ग्राम जियाकोड़ता मिलिशिया सदस्य रोशन मंडावी पिता देवा मंडावी, ग्राम नीलावाया मिलिशिया सदस्य अजयकुमार उर्फ निलेश ओयाम पिता रामनाथ ओयाम, ग्राम फुलपाड़ मिलिशिया सदस्य जोगा ओयामी पिता स्व देवा ओयामी, ग्राम कलेपाल मिलिशिया सदस्य मंगलू मंडावी पिता हिड़मा मंडावी, ग्राम मेण्डोली मिलिशिया सदस्य सन्नूराम कश्यप पिता मासाराम कश्यप, ग्राम फुलपाड़ मिलिशिया सदस्य कुम्मा राम सोरी पिता हिड़मा राम सोरी, ग्राम जियाकोड़ता मिलिशिया सदस्य सूर्या कुमार कवासी पिता हिड़मा कवासी, ग्राम गमपुर मिलिशिया सदस्य राकेश मरकाम पिता कुम्मा मरकाम, ग्राम टेटम मिलिशिया सदस्य सुखराम यादव पिता सोनधर यादव, ग्राम गमपुर मिलिशिया सदस्य मासा सोड़ी पिता सोना सोड़ी एवं ग्राम पुरंगेल मिलिशिया सदस्य सोना कुंजाम पिता स्व हुंगा कुंजाम ने आत्मसमर्पण किया है।

डांस प्रतियोगिता के चक्कर में हुई चाकूबाजी, एक युवक गंभीर

कोरबा (आरएनएस)। दादरकला गांव में आयोजित डांस प्रतियोगिता के चक्कर में हुई चाकूबाजी ने यहां का माहौल खराब कर दिया। विवाद के दौरान यहां पर एक युवक को चाकू से बूरी तरह घायल कर करने के साथ अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। पीड़ित को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया है।

कोरबा जिले के उरगा पुलिस थाना के अंतर्गत आने वाले ग्राम दादर कला में बीती रात डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। उसका उद्देश्य स्थानीय लोगों को आसपास की प्रतिभाओं से परिचित कराने के साथ स्वस्थ मनोरंजन देना था। कार्यक्रम समय पर शुरू हुआ। काफी देर तक सब कुछ ठीक ठाक चलता रहा। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि स्थिति तब बिगड़ी, जब अचानक एक दर्जन से अधिक बाहरी युवक बाइक में सवार होकर वहां आए और विवाद शुरू कर दिया। दुर्गेश नामक 19 वर्षीय युवक ने जब इन लड़कों की हरकत का विरोध किया तो एक युवक ने चाकू निकाल लिया और दुर्गेश के ऊपर प्रहार करना प्रारंभ कर दिया। लोग रोक पाते तब तक एक दो नहीं बल्कि 14 वार दुर्गेश के ऊपर कर दिया गए। घायल युवक दुर्गेश को तत्काल जिला अस्पताल लाया गया जहां उसे आईसीयू में भर्ती किया गया है। युवक की हालत गंभीर बताई जाती है। इस घटनाक्रम ने दादरकला और आसपास के इलाके के लोगों को भयभीत कर रखा है। उन्होंने मौजूदा घटनाक्रम से भविष्य के लिए सबक लेने की बात कही है। गांव के लोगों ने लामबंद होकर इन युवकों को पकडने का प्रयास किया होता, इससे पहले ही संबंधितों के द्वारा कट्टा निकालकर लहराया गया। इसके साथ गोली मारने की धमकी भी दी गई। इससे लोगों में खौफ पैदा हो गया है। सीएसपी कोरबा योगेश साहू ने बताया कि दादरकला गांव में डांस कार्यक्रम के दौरान कुछ युवकों के द्वारा विवाद के बाद एक स्थानीय युवक पर चाकू चलाने की घटना को अंजाम दिया गया है। पीड़ित को उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। इस मामले में आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

ट्रेलर चालक ने ग्रामीण को कुचला, मौत

कोरबा (आरएनएस)। पसान थाना क्षेत्र के बुढ़ापारा इलाके में हुए हादसे में एक ग्रामीण की सांसें थम गई। इस घटना को अंजाम देने वाला ट्रेलर चालक फरार हो गया। मौके से वाहन को पुलिस ने जप्त किया है। प्रकरण दर्ज करने के साथ आगे की कार्रवाई की जा रही है। कोरबी पुलिस चौकी क्षेत्र के अंतर्गत पिछली रात 8.30 बजे के आसपास हुई दुर्घटना में 45 वर्षीय शिव कुमार सारथी की मृत्यु हो गई। वह बुढ़ापारा का निवासी थाए जिसे ट्रेलर संख्या सीजी 12 बीए 5653 ने अपनी चपेट में ले लिया। सब इंस्पेक्टर प्रहलाद राठौर ने बताया कि ट्रेलर चालक की लापरवाही के कारण ग्रामीण मौके पर ही चल बसा। संभावित खतरे को देखते हुए चालक ने वाहन मौके पर ही छोड़ दिया और भाग निकला। कोरबा जिले में पंजीकृत वाहन को फैरी तौर पर पुलिस ने जप्त कर लिया है। इससे पहले स्थिति बिगड़ते देख पुलिस की टीम घटना स्थल तक पहुंची। मृतक का शव वहां से हटवाने के साथ सीएचसी पोड़ीउपरोड़ा भिजवाया गया। आज सुबह पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी करायी गई। इस मामले में राजस्व प्रावधानों के अंतर्गत पीड़ित परिवार को प्रारंभिक सहायता राशि उपलब्ध करायी जा रही है। जबकि अंतर की राशि का भुगतान बाद में किया जाएगा।

रायपुर के अलग- अलग इलाके से 1 जेसीबी एवं तीन बाइक चोरी, अज्ञात चोर के खिलाफमामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। रायपुर के अलग–अलग इलाके से 1 जेसीबी वाहन तथा 3 बाइक चोरी होने की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई है।

मिली जानकारी के मुताबिक लाखेश्वर वर्मा पिता फेरहा राम वर्मा उम्र 49 वर्ष निवासी कृष्णा चौक खरोरा 30 अक्टूबर को खरोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बस स्टैण्ड के पास ग्राम मांठ में खड़ी जेसीबी वाहन क्रमांक सीजी 04 एल 2030 गाड़ी को किसी ने चोरी कर लिया। चोरी गए गाड़ी की कीमत करीब 10 रुपये है।इसी तरह सरदार सबरजीत सिंह 23 वर्ष ने मकान नंबर आई/13, भावना नगर, खम्हारडीह रायपुर निवासी सिविललाईन्स थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि वह 30 अक्टूबर को दोपहर करीब 1.30 बजे सब्जी मार्केट ईरानी डेरा के पास पण्डरी में सड़क किनारे अपनी बाइक होण्डा शाईन क्रमांक सीजी04/एमक्यू/3928 खड़ी करके सब्जी खरीद 15 मिनट बाद सब्जी लेकर वापस आया तब उसकी बाइक खड़े किये स्थान पर नही मिली। किसी ने बाइक जिसकी अनुमानित कीमत 32000 रुपये है,चोरी कर लिया।मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 379 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है। इसी तरह हाउसिंग बोर्ड कालोनी , दोदेखुर्द, रायपुर निवासी सौरभ सेंडे 25 वर्ष ने 30 ?अक्टूबर को थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि वह रविभवन में 28 अक्टूबर को हिरो कपंनी का एच एफडिलक्स ग्रे ब्लैक/रैड का क्रमांक सीजी 12 एपी 9241 से रविभवन के अंडर ग्राउण्ड पार्किंग में खड़ा कर लांक करके रविभवन के अंदर चला गया, वापस घर जाने के लिये शाम 05.10 बजे आया तो देखा खड़ी किये हुये स्थान पर मोटर सायकिल नही थी,कोई अज्ञात चोर चोरी कर लिया।मामले की रिपोर्ट पर गोलबाजार पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 379 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है। वहीं गुढ़ियारी पहाड़ी चौक निवासी पंचू मंडल ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि से 06 माह पूर्व एक्टिवा रंग लाल क्रमांक सीजी 04एमजे4511 को 23 अक्टूंबर को खमतराई में अपने परिचित राकेश से मिलने गया था। शाम 05-30 बजे मुलाकात कर गाडी को बाबा कंस्ट्रेक्शन के सामने खमतराई में खड़ी कर बाजू के पान दुकान में पान गुटखा लेने चले गया 10 मिनट करीबन वापस आया तब गंतव्य स्थान पर एक्टीवा नही था किसी ने चोरी कर लिया। मामले की रिपोर्ट खमतराई थाने में 30 अक्टूबर को रिपोर्ट दर्ज कराई है।

अवैध से पटाखा बेचते 1 गिरफ्तार, 7 पेटी पटाखा जब्त

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी के तेलीबांधा इलाके में अवैध रुप से घर के अंदर पटाखा रखकर बेचने की सूचना पर पुलिस ने 7 पेटी पटाखे के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के मुताबिक देर रात घर के अंदर अवैध रुप से पटाखा बेचने की सूचना पर तेलीबांधा पुलिस ने गली नंबर 5 कन्या स्कूल के सामने पहुंच कर रेड की कार्रवाई कर विभिन्न प्रकार के पटाखे के 7 बॉक्स जब्त किए है। पटाखे की की अनुमानित कीमत 50 हजार आंकी गई है। गिरफ्तार आरोपी अजय तोलानी 25 वर्ष पर पुलिस ने अवैध रुप से घर में विस्फोटक पटाखा रखकर बेचने के जुर्म में धारा 286,9बी(2)के तहत कार्रवाई की है।

बंदोरा पहुंच हाथी ने रौंदी दो एकड़ की फसल

महासमुंद (आरएनएस)। बार दल का एक दंतैल हाथी ग्राम बंदोरा पहुंच गया यहां धान की फसल को रौंदकर वह जंगल की ओर चला गया। ज्ञात हो कि पिछले दस दिनों से एक भी हाथी क्षेत्र में नहीं था। अचानक हाथियों की आमद से किसान परेशान हैं, क्योंकि क्षेत्र में अब फसल कटाई का काम शुरू हो गया है। इधर ग्रामीणों से मिली सूचना के बाद से आसपास के क्षेत्रों में अलर्ट जारी कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि ये दंतैल बार दल का है, जो बार जंगल में पिछले 10 दिनों से रोहांसी दल के साथ घूम रहा था। इसके दल के दो टस्कर रोहांसी दल के एक दंतैल के साथ धमतरी की ओर आगे बढ़ गया है। हाथी भगाओ फसल बचाओ समिति के राधेलाल सिन्हा ने बताया कि पिछले 10 दिनों से बार दल का दंतैल छतलाडबरा, तालाझर की ओर घूम रहा था। वह रोहांसी दल के साथ मिल गया था, लेकिन गुरुवार-शुक्रवार की रात अचानक ग्राम बंदोरा पहुंच गया और फसलों को रौंदकर बर्बाद कर दिया। इससे किसान कुसोराम खडिया, लोभन बरिहा एवं वेदकुमार खडिया की फसलों को बर्बाद कर दिया है। किसानों ने बताया कि दंतैल ने करीब दो एकड़ फसल को बर्बाद कर दिया है। ग्रामीणों की मानें तो दंतैल सुबह होते ही जंगल की ओर चला गया है।

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस पर जिला मुख्यालयों में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में संसदीय सचिव और विधायक होंगे मुख्य अतिथि

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस पर प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में संसदीय सचिव और विधायकगण मुख्य अतिथि होंगे।

महासमुंद जिले में संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चन्द्राकर, धमतरी में संसदीय सचिव गुरूदयाल सिंह बंजारे, बलौदाबाजार-भाटापारा में संसदीय सचिव सुश्री शकुन्तला साहू, गरियाबंद जिले में विधायक अमितेश शुक्ल, दुर्ग में विधायक कुलदीप जुनेजा, राजनांदगांव में विधायक अरूण वोरा, कबीरधाम में विधायक श्रीमती ममता चन्द्राकर, बालोद में संसदीय सचिव डॉ. रश्मि आशीष सिंह और बेमेतरा में संसदीय सचिव विकास उपाध्याय मुख्य अतिथि होंगे।

बिलासपुर में संसदीय सचिव इन्द्रशाह मंडावी, कोरबा में संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव, रायगढ़ में सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष बृहस्पत सिंह, मुंगेली में संसदीय सचिव कुंवर सिंह निषाद, जांजगीर-चांपा में संसदीय सचिव चन्द्रदेव प्रसाद राय, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में संसदीय सचिव पारसनाथ राजवाड़े, सरगुजा में विधायक विनय जायसवाल, कोरिया में सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष गुलाब कमरो, जशपुर में संसदीय सचिव चिंतामणी महाराज, सूरजपुर में विधायक लालजीत सिंह राठिया और बलरामपुर में संसदीय सचिव यू.डी. मिंज सांस्कृतिक समारोह के मुख्य अतिथि होंगे।

इसी तरह राज्योत्सव के अवसर पर बस्तर में बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष लखेश्वर बघेल, कांकेर में संसदीय सचिव शिशुपाल शोरी, दंतेवाड़ा में विधायक श्रीमती देवती कर्मा, सुकमा में संसदीय सचिव रेखचंद जैन, कोण्डागांव में बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष संतराम नेताम, नारायणपुर में विधायक चन्दन कश्यप और बीजापुर में विधायक विक्रम मण्डावी मुख्य अतिथि होंगे।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनतमूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं० 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुश सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, प्रावेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं तकनीकी तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को प्रत्येक कार्यक्रमों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा तकनीकि शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूर्धन्य विद्वानों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए ... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU